देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 313 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...एक गहरी बहस का जन्म



देहरादून, शनिवार, 25 जनवरी 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 7.0°

41613.19

2 बीमार बच्चों को छोड़ प्लेन में बैठे पैरेंट्स

7 हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते

# दुनिया देखेगी हमारी शक्ति

रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने जा रहे कलाकारों और स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत की श्रेष्ठता की एक और शक्ति इसकी भौगोलिक और सामाजिक विविधता में ही है। हमारा ये देश एक प्रकार से फूलों की माला है, जहां रंग-बिरंगे फूल भारतीयता के धागे से पिरोए गए हैं। पीएम ने कहा, श्परेड में आप एक प्रकार से मिनी इंडिया-न्यू इंडिया को शोकेस करने वाले हैं। भारत असल में क्या है, ये हमारा देश और पूरी दुनिया आपके माध्यम से समझती है।

उन्होंने कहा, जब हम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की बात करते हैं, तो

■ पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, राजपथ पर दिखेगा मिनी इंडिया और न्यू इंडिया

**राजपथ पर दिखती है भारत की शक्तिः** एट होम इवेंट में पीएम ने कहा, राजपथ पर आपके प्रदर्शन से पूरी दुनिया भारत की इस शक्ति के भी दर्शन करती है। इसका असर भारत की 'सॉफ्ट पावर' के प्रचार-प्रसार में भी होता है और भारत के टूरिज्म सेक्टर को भी इससे मजबूती मिलती है।

हमें ये भी याद रखना है कि भारत असल में है क्या। भारत क्या सिर्फ सरहदों के भीतर 130 करोड़ लोगों का घर भर ही है? नहीं, भारत एक राष्ट्र के साथ-साथ एक जीवंत परंपरा है, एक विचार है, एक संस्कार है, एक विस्तार है।

## फिर टल सकती है फांसी की तारीख

### निर्भया: 3 दोषियों के वकील के कदम से आया नया मोड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया मामले में आगामी एक फरवरी को होने वाली फांसी से बचने के लिए चारों दोषियों ने नए-नए तरीके अपनाने शुरू कर दिए हैं। ताजा मामले में तीन दोषियों विनय कुमार शर्मा, पवन कुमार गुप्ता और अक्षय सिंह ठाकुर के वकील एपी सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट का रुख किया है। वकील एपी सिंह ने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने अब तक संबंधित पेपर उपलब्ध नहीं कराए हैं, जिससे वह फांसी की सजा पाए विनय कुमार शर्मा, पवन कुमार गुपाता और अक्षय सिंह ठाकुर की क्यूरेटिव पिटिशन और दया याचिका दाखिल कर सकें। अगर तीनों ने सुप्रीम कोर्ट में सुधारात्मक याचिका दायर की तो एक फरवरी को होने वाली फांसी टल जाएगी। अगर याचिका खारिज हो भी गई तो भी इन तीनों के पास राष्ट्रपति महोदय के पास दया याचिका दायर करने का विकल्प मौजूद है।

**एक-दो दिन में सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे तीन दोषी**

निर्भया के वकील की मानें तो उसके तीनों मुवक्किलों पवन, अक्षय और विनय की ओर से अगले एक-दो दिनों के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सुधारात्मक याचिका दायर की जाएगी। बताया जा रहा है कि ये तीनों अपनी याचिका में जेल में अपने व्यवहार, पारिवारिक दायित्व समेत कई पहलू का जिक्र करेंगे और सुप्रीम कोर्ट से राहत की गुहार लगाएंगे। इसी के साथ याचिका में फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### घाटी से मजदूरों को भगाने वाला जैश आतंकी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। पुलवामा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में जिस पाकिस्तानी आतंकी को मार गिराया, उसपर घाटी में कई आतंकी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप था। मारा गया आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के लिए लंबे वक्त से काम कर रहा था और वह साउथ कश्मीर में अबु सैफुल्ला के नाम से सक्रिय था।

## कैलाश विजयवर्गीय का पोहा ज्ञान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पोहा खाते हुए देखकर बांग्लादेशियों की पहचान करनेवाला बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय का बयान चर्चा का विषय बन गया है।

सोशल मीडिया यूजर्स श्पोहा मीमश बांट रहे हैं तो विपक्ष ने जोरदार निशाना साधा है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि पीएम मोदी कपड़े से लोगों की पहचान कर लेते हैं तो विजयवर्गीय पोहा खाते हुए देखकर, इसलिए देश को अब इंटेलिजेंस की जरूरत नहीं है।

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने चुटकी लेते हुए लिखा, सीएए एनआरसी के लिए कागज मांगने की जरूरत नहीं है, सबको पोहा खिलाकर पहचान कर ली जाएगी।

### विपक्ष ने साधा निशाना, सोशल मीडिया पर चुटकी

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने ट्विटर पर लिखा, मजदूर पोहा ना खाएं, सिर्फ हलवा और हलवा ही खाएं, तभी वे भारत के नागरिक कहे जाएंगे।

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, श्बीजेपी जब से सत्ता में आई है, भारतीय राजनीति में खाना बहुत अधिक महत्वपूर्ण विषय हो गया है। राजनीति के जानकारों, विद्वानों और शोध करने वालों के लिए भोजन का बखान अच्छा विषय हो सकता है।

## भ्रष्टाचार पर सीएम योगी का ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर फिर से ऐक्शन लिया है। शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सीएम योगी ने बदायूं कोषागार में स्टांप मैनुअल का अनुपालन न करने और कार्य में लापरवाही के आरोप में 13 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

## देश के 154 जाने-माने लोगों ने राष्ट्रपति से की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के 154 जाने-माने लोगों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से सीएए और एनआरसी के विरोध के नाम पर हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुरक्षा प्रदान करने की अपील की। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के अध्यक्ष और

### सीएए के खिलाफ हिंसा करने वालों पर हो कार्रवाई

सिक्किम एचसी के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की और आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक तत्व सीएए के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनकारियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

